भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 242
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 05 फरवरी, 2024
16 माघ, 1945 (शक)

विरासत भवनों को सुगम्य बनाने के लिए निधि

242. **सुश्री एस. जोतिमणि :**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में सुगम्य बनाए गए विरासत भवनों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) ऐसे भवनों में उपलब्ध कराए गए आवास के स्वरूप के संबंध में नि:शक्तता-वार आंकड़े क्या हैं;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान भवनों को सुगम्य बनाने के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(घ) क्या सरकार का आरपीडब्ल्यूडी नियमों के अंतर्गत इसके द्वारा अधिसूचित सुगम्यता संबंधी दिशानिर्देशों को लागू करने का विचार है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित सभी प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष आम लोगों के लिए सुगम्य है। जहां तक दिव्यांगों के लिए प्रावधानों का संबंध है, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कार्यकलापों को प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों द्वारा विनियमित किया जाता है। स्मारक के मूल रूप को कायम रखने के लिए व्यवहार्यता, कार्य क्षेत्र तथा मानदंडो पर विचार करते हुए , संरक्षित स्मारकों में विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में है।

(ग): उपर्युक्त गतिविधियों के लिए कोई अलग से प्रावधान नहीं किया जाता है। तथापि, यह व्यय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को संरक्षण तथा अनुरक्षण के लिए आवंटित समग्र बजट से किया जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान सुविधाएं प्रदान करने सहित उपर्युक्त पर किया गया व्यय निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ में)

वर्ष	व्यय
2018-19	406.38
2019-20	435.61
2020-21	260.90
2021-22	270.00
2022-23	392.71

(घ) और (ड.): उपर्युक्त के संबंध में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में प्रावधान किए गए हैं।

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 05.02.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 242 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

संरक्षित स्मारकों पर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सुख साधन/सुविधाओं का विवरण।

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	रैंप	व्हील चेयर	दिव्यांग (दिव्यांग) शौचालय	ब्रेल में हस्ताक्षर	ऑडियो गाइड	स्पर्श पट्टी के साथ मार्ग
1.	आंध्र प्रदेश	3	8	10	-	-	-
2.	असम	3	5	6	-	-	2
3.	बिहार	2	5	4	2	2	1
4.	छत्तीसगढ	1	3	10	2	-	1
5.	दमन और दीव, दादर नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र)	-	-	1	-	-	-
6.	गोवा	12	5	3	-	-	-
7.	गुजरात	6	15	12	5	-	-
8.	हरियाणा	4	6	5	-	-	-
9.	हिमाचल प्रदेश	3	3	2	-	1	1
10.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	2	13	4	6	-	-
11.	झारखंड	1	4	-	-	-	-
12.	कर्नाटक	21	40	25	13	1	1
13.	केरल	8	29	7	-	-	-
14.	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	1	2	-	1	-	-
15.	मध्य प्रदेश	14	33	5	27	2	8
16.	महाराष्ट्र	4	14	13	3	25	1
17.	मणिपुर	1	1	-	-	-	-
18.	मिजोरम	1	1	1	-	-	-
19.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	6	41	10	7	1	1
20.	ओडिशा	11	8	9	7	-	-
21.	पंजाब	3	7	4	-	-	-
22.	राजस्थान	27	13	9	1	-	4
23.	तमिलनाडु	27	47	38	22	-	9
24.	तेलंगाना	6	11	4	-	-	-
25.	त्रिपुरा	3	3	2	-	-	6
26.	उत्तर प्रदेश	14	31	31	20	-	1
27.	उत्तराखंड	20	25	10	11	2	-
28.	पश्चिम बंगाल	7	30	10	27	-	11
	कुल	211	403	235	154	34	47

*****